तापमान
अधिकतम 47.4 डिग्री
न्यूनतम 27.2 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 13 जून 2025

11 स्वामी इंद्रवेश की पुण्यतिथि पर युवा संकल्प ...



12 चौपाल के स्थान पर बनेगी पीएचसी व डिस्पेंसरी ...



**मेयर ने कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर जताई नाराजगी पार्षदों ने लगाए गंभीर आरोप**

**रात को सफाई करने सहित अन्य सभी प्रस्ताव हुए पास**

# निगम की बैठक में पार्षदों का फूटा गुस्सा, फैमिली आईडी में गड़बड़ी और रिश्वतखोरी पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


नगर निगम की गुरुवार को हुई सदन की बैठक जिला विकास भवन के सभागार में हंगामेदार रही। बैठक में पार्षदों के साथ उनके प्रतिनिधि, यहां तक कि कई पार्षदों के देवर और बच्चे भी पार्षद प्रतिनिधि बनकर बैठक में शामिल हुए। बैठक में सबसे बड़ा मुद्दा फैमिली आईडी अपडेट में कर्मचारियों द्वारा की जा रही गड़बड़ियों का रहा। पार्षद प्रवीण कौशिक ने तो यहां तक कह दिया कि निगमकर्मी रुपये लेकर काम कर रहे हैं, और कुछ लोगों ने फोन में सबूत होने की बात तक कही। पार्षदों ने आरोप लगाया कि कई वार्डों में सीवर ओवरफ्लो की समस्या बनी हुई है, लोगों को समय पर पानी नहीं मिल रहा है, और सफाई व्यवस्था बुरी तरह चरमराई हुई है। वहीं निगम अधिकारियों से मौके पर सवाल जवाब मांगे गए तो पार्षद उन सवालों से संतुष्ट नहीं हो पाए। बैठक में मेयर रामअवतार बाल्मिकी, निगम आयुक्त आनंद शर्मा, संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह व नमिता कुमारी समेत सभी अधिकारी मौजूद रहे। सदन में करीब साढ़े नौ करोड़ के प्रस्तावों पर चर्चा हुई। रात को शहर की सफाई व्यवस्था करवाने सहित अन्य प्रस्ताव पास किए गए।

■ पार्षदों ने आरोप लगाया सीवर ओवरफ्लो, लोगों को पानी नहीं मिल रहा है, और सफाई व्यवस्था बुरी तरह चरमराई

**मेयर बाल्मीकि अधिकारियों के साथ ...**



**हमारी भी सुनो...**



**महिला पार्षद भी पीछे नहीं रहीं ...**



रोहतक। निगम की बैठक लेते मेयर रामअवतार बाल्मीकि,निगमायुक्त आनंद शर्मा, संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह व नमिता कुमारी । अपनी बात रखते पार्षद सुरेश किराड़ साथ में अन्य पार्षद। अपनी बात रखतीं पार्षद डिंपल जैन व अनिता मिगलानी। फोटो : हरिभूमि

### प्लाट 66 गज का, निगम ने दिखाया 196 गज का

पार्षद प्रवीण कौशिक ने कहा कि वह किसी प्लाट की प्रोपर्टी आईडी ठीक करवाने के सिलसिले में गए थे। एक प्लाट 66 गज का है और निगम ने उसे दिखाया 196 गज का। ठिक करवाने की बात करते है तो एक एचकेआरएन कर्मचारी दुर्व्यवहार से बात करती है। फोन तक नहीं उठा रही है, फोन उठाने की बात कहीं तो बोलती है यह मेरा पर्सनल नंबर है, अपनी मर्जी से उठाउंगी। वहीं बैठक में सभी पार्षदों ने कहा कि इस कर्मचारी को टर्मिनेट किया जाए। ताकि आमजन को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

### शौचालयों की देखरेख भी लम्बित

लेकिन शौचायलों की देखरेख का मामला अभी लम्बित रखा गया है। जिसके लिए टेंडर लगाए जाएंगे। संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह ने बैठक में कहा कि निगम द्वारा वार्डों में शिविर लगाकर नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया गया है, लेकिन जब मेयर रामअवतार बाल्मीकि को इन शिविरों की जानकारी नहीं मिली, तो उन्होंने भूपेंद्र सिंह को सार्वजनिक रूप से फटकारा। संयुक्त आयुक्त ने आश्वस्त किया कि भविष्य में मेयर को हर गतिविधि की पूर्व सूचना दी जाएगी। बैठक में एक पार्षद ने यह भी कहा कि अधिकारी मीठे वादे करते हैं लेकिन काम धरातल पर नहीं होता। कई वार्डों में नालों की नियमित सफाई तक नहीं करवाई जा रही है। पार्षदों ने यह आरोप भी लगाया कि सफाई कर्मचारी तीन बजे के बाद फोन तक नहीं उठाते और अपनी प्राइवेट गतिविधियों में व्यस्त रहते हैं। कुछ स्थानों पर रुपये लेकर शिविरों की सफाई करने की बात सामने आई है।





रोहतक। सदन में अपनी बात रखते पार्षद बिजेंद्र हुड्डा पार्षद बिजेन्द्र सिंह, प्रवीण कौशिक व विजय गोयल। फोटो : हरिभूमि

### पार्षद की संतुष्टि के बगैर बिल पास नहीं होगा

सभी पार्षदों की सहमति से यह प्रस्ताव भी पास हुआ कि वार्डों में जितने भी विकास कार्य किए जाएंगे। पार्षद की संतुष्टि के बगैर ठेकेदार के बिल पास नहीं किए जाएंगे। पार्षद कार्य का सर्वे करेगा और उसकी सहमति के बाद ही अधिकारी इनके बिलों को पास कर पाएगा।

### पार्षदों की समस्याएं निगम की जिम्मेदारी

बैठक में पार्षदों ने एक सुर में कहा कि वार्डों की अनदेखी हो रही है। सीवर, जलापूर्ति, सफाई और शिकायत समाधान जैसे बुनियादी मुद्दों पर प्रशासनिक उदासीनता के कारण आम जनता परेशान है। कई वार्डों में समस्याएं महीनों से लंबित हैं, लेकिन अधिकारियों द्वारा सिर्फ देखेंगे और करेंगे जैसी बातें की जाती हैं।

### अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर नाराजगी

मेयर ने बैठक के दौरान कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर गहरी नाराजगी जताई और कहा कि निगम में फैली अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि निगमकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाए ताकि काम में दक्षता और पारदर्शिता लाई जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि गलतियों की कोई जगह नहीं है और यदि लापरवाही पाई गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### विकास कार्यों में पक्षपात के आरोप

एजेंडे में जिन 9 वार्डों के विकास कार्य शामिल किए गए हैं, वे अधिकतर मेयर के करीबी या भाजपा समर्थक पार्षदों के हैं। इनमें आशालता (वार्ड 2), ज्योति बिड़लान (वार्ड 3), मनीषा नांदल (कांग्रेस, वार्ड 10), सुशील नांदल (वार्ड 12), कंचन खुराना (वार्ड 14), मुक्ता नागपाल (वार्ड 16), बेबीरानी रोहिल्ला (वार्ड 18) और प्रवीण कौशिक (वार्ड 20) शामिल हैं।

### वार्डवार विकास प्रस्ताव-अनुमानित लागत

| वार्ड | क्षेत्र का नाम कार्य अनुमानित लागत | (लाखों में) |
|---|---|---|
| 02 | इंद्रा कॉलोनी गली निर्माण व मरम्मत | 99.33 |
| 03 | रामलीला पड़ाव सीसी गली निर्माण | 61.87 |
| 10 | बोहर, बाबा मस्तनाथ नगर गली निर्माण | 101.00 |
| 12 | सेक्टर-1 ग्रीन बेल्ट का सुंदरीकरण | 99.48 |
| 14 | झंग कॉलोनी, अरुण नगर आरसीसी गली निर्माण | 55.84 |
| 14 | झंग कॉलोनी, चांद नगर, माडल टाउन गली निर्माण | 58.35 |
| 16 | डीएलएफ कॉलोनी गली निर्माण | 60.10 |
| 18 | जनता कॉलोनी, राजेंद्र कॉलोनी गली निर्माण | 99.09 |
| 20 | हरिसिंह कॉलोनी, शुगर मिल कॉलोनी गली निर्माण | 66.99 |

### बैठक में यह पार्षद रहे शामिल

पार्षद कपिल नागपाल, अनिता मिगलानी, कंचन खुराना, सुरेश किराड़, विजय गोयल, बिजेंद्र हुड्डा, परिक्षित देशवाल, डिंपल जैन, सुनीता देवी, आशालता (वार्ड 2), ज्योति बिड़लान (वार्ड 3), मनीषा नांदल (कांग्रेस, वार्ड 10), सुशील नांदल (वार्ड 12), कंचन खुराना (वार्ड 14), मुक्ता नागपाल (वार्ड 16), बेबीरानी रोहिल्ला (वार्ड 18) और प्रवीण कौशिक (वार्ड 20) शामिल रहे।

**खबर संक्षेप**

### एमडीयू ने कई परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने मई 2025 में आयोजित डिप्लोमा इन इंडियन साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटेशन दो वर्षीय के तीसरे व चौथे सेमेस्टर तथा डिप्लोमा इन टीचिंग इंडियन साइन लैंग्वेज दो वर्षीय के तीसरे व चौथे सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि इसके अलावा दिसंबर 2024 में आयोजित एमए-इकोनोमिक्स डीडीई चौथे सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर, एमए-इकोनोमिक्स ऑनलाइन प्रोग्राम डीडीई तीसरे सेमेस्टर की फ्रेश, एमए हिन्दी ऑनलानइ प्रोग्राम डीडीई तीसरे सेमेस्टर फ्रेश, बीए-हिन्दी चार वर्षीय प्रथम सेमेस्टर फ्रेश, एमएससी कंप्यूटर साइंस एनईपी प्रथम सेमेस्टर फ्रेश तथा एमएससी कंप्यूटर साइंस- डाटा साइंस एंड मशीन लर्निंग एनईपी प्रथम सेमेस्टर फ्रेश की परीक्षा का परिणाम भी जारी कर दिया गया है।

## निंदाना मोहम्मदपुर गांव में भूमि विवाद में चार लोग घायल

**हमला करने के चार आरोपियों पर केस दर्ज**

■ कोर्ट का फैसला आने के बाद आरोपियों ने जमीन पर जबरदस्ती करना चाहते है कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

निंदाना मोहम्मदपुर गांव में जमीनी विवाद के चलते चार लोग घायल हो गए। महम थाना पुलिस ने हमले के आरोपित चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में निंदाना मोहम्मदपुर गांव निवासी सागर पुत्र रणबीर ने बताया कि उनकी राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी के साथ 6 बीघे जमीन है। उन्होंने अपने खेत में झोंपड़ी डालकर ढाबा किया हुआ है। उनके गांव में चकबंदी हुई थी। उसके बाद उन्होंने जिलाधीश रोहतक के न्यायालय में दीवानी दावा किया था। उनके हक में फैसला आने के बाद उन्होंने अपनी जमीन पर कब्जा बरकरार रखा। उसके दादा के दो भाई और थे। उनमें से दूसरे दादा के परिवार के लोग उनसे यह जमीन छुड़वाना चाहते हैं। सागर ने बताया कि कल सुबह वह खुद, उसकी मां नीलम और उसकी मौसी शकुंतला ढाबे पर थे। उसके परिवार से विनोद पुत्र रामचंद्र, राजेंद्र पुत्र रामचंद्र व रामचंद्र पुत्र उजाला पहले से ही पहुंचे हुए थे। शाम सात बजे के आस पास उनके ढाबे पर विनोद का साल विक्रम भी एक अन्य व्यक्ति के साथ पहुंच गया। विक्रम बीबीपुर गांव का रहने वाला है। इन पांचों ने उन पर हमला कर दिया। उसे व उसके भाई को गुम चोट लगी। उसकी मां नीलम और उसकी मौसी को गंभीर चोटें आई हैं। उसकी मां और मौसी का रोहतक के नागरिक अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने इस संबंध में विनोद, राजेंद्र, रामचंद्र, विक्रम व एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## युवक के साथ 49,900 रुपये की ठगी, केस दर्ज

रोहतक। गांव बोहर में एक युवक के साथ 49 हजार 900 रुपये की ठगी हुई है। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। अर्बन स्टेट पुलिस को दी शिकायत में अमित नांदल ने बताया कि वह गांव बोहर का रहने वाला है। मैंने एक जीवन बीमा करवाया हुआ था। 6 जून को मेरे पास एक अनजान नंबर से फोन आया कि आपकी जीवन बीमा पॉलिसी पोर्ट कर देता हूं जिससे आपके भारत बीमा कंपनी वाले पैसे निकल जाएंगे। मैंने निजी बीमा कंपनी में 1,02,000 भरे हुए थे और मैं आगे किश्त नहीं भर पाया। जिसके कारण वो पैसे वहीं रह गए और उस आदमी ने कहा कि वो पैसे मैं आपके निकलवा दूंगा। उसने कहा कि आप ये 49,900 कि किश्त भर दो। जिससे आपके सारे पैसे वापस मिल जाएंगे और उसने मेरे पास फोन पे द्वारा 49900 रुपये कट गए। मेरे साथ ठगी हुई है।




**आक्रोश** **टैक्स नगर निगम जैसे, सुविधा पंचायत जैसी भी नहीं**

## पानी की समस्या से परेशान खेड़ी साध के ग्रामीणों का ऐलान, नहीं चाहिए निगम, वापस लागू करो पंचायत





रोहतक। सरकार व प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते खेड़ी साध गांव के ग्रामीण एवं खेड़ी साध गांव का सुखा पड़ा जलघर। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पीने के पानी की समस्या को लेकर रोहतक जिले के खेड़ी साध गांव के ग्रामीण हर सरकारी दरवाजा खटखटा चुके हैं लेकिन इस चिलचिलाती गर्मी में भी उन्हें पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। सबसे बड़ी अचंभित करने वाली बात यह है कि यह गांव नगर निगम रोहतक का हिस्सा है और मूलभूत सुविधाओं के सभी टैक्स जमा करवाता है। लेकिन जब बात मूलभूत सुविधाएं देने की आती है तो उनको हर जगह से दुत्कार मिलती है।

लेकिन अब इनका सब्र का बांध टूट चुका है और इन्होंने सरकार व प्रशासन के खिलाफ अपना गुस्सा दिखाना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि या तो हमें सभी सुविधाएं दो या फिर नगर निगम से बाहर निकाल कर उन्हें वापस गांव का दर्जा दे पंचायत में शामिल कर दिया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि 15 दिन में पीने का पानी आता है और वह भी गंदगी से भरा हुआ। उन्हें महंगे दामों पर पानी का टैंकर खरीद कर अपना काम चलाना पड़ता है। यही नहीं महिलाएं तो यह कह रही है कि इस पानी की समस्या के चलते उनके बच्चों की शादियां भी नहीं हो रही है। अब ग्रामीणों ने यह चेतावनी दी है कि गर्मी के इस मौसम में जल्दी उनकी समस्या का समाधान किया जाए नहीं तो मजबूरन उन्हें रोड जाम भी करना पड़ेंगा। उनका कहना है कि वोट मांगने के लिए जब आते हैं तो सभी आश्वासन देते हैं लेकिन उसके बाद कोई भी सुनने वाला नहीं होता। इसलिए अब उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान होना चाहिए।

## खबर संक्षेप



रोहतक। योग करते मुख्यातिथि कॉलेज प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में हुआ योगाभ्यास

**रोहतक।** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में चल रही गतिविधियों के अंतर्गत बृहस्पतिवार को गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में एनसीसी द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि कॉलेज प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा रहे। एनसीसी अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने बताया कि वीरवार को सुबह 7 बजे कॉलेज में कैडेट्स को योगाभ्यास कराया तथा इसके महत्व पर विस्तार से चर्चा हुई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा ने कहा कि वर्तमान में तेजी से फैल रहे मनोदैहिक रोगों में योगाभ्यास विशेष रूप से कारगर है। योग एक सुव्यवस्थित व वैज्ञानिक जीवन शैली है जिसे अपनाकर अनेक प्रकार के प्राणघातक रोगों से बचा जा सकता है।



### वैश्य महिला कालेज में मनाया वार्षिक महोत्सव

**रोहतक।** हर-हर महादेव सेवा समिति द्वारा आयोजित झज्जर रोड पर वैश्य महिला महाविद्यालय में 15 वां वार्षिक महोत्सव एवं भंडारा सेवादार ड्रैस विमोचन, पुस्तक विमोचन भोले के भक्तों ने बड़े हर्षउल्लास के साथ मनाया। महोत्सव में आसपास के क्षेत्रों से खोली शाखाओं के काफी संख्या में सदस्यों ने परिवार सहित मौजूद रहे। समिति के मुख्य संरक्षक समाजसेवी उद्योगपति राजेश जैन के दिशा निर्देशन में किया गया। अमरनाथ यात्रा पर 3 जुलाई से 9 अगस्त 2025 तक विशाल भंडारे का आयोजन चन्दनवाड़ी पिस्सु टाप के बीच में किया जाएगा। संस्था के मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि उत्सव के आर्शीवाद महामंडलेश्वर बाबा कपिलपुरी महाराज, मुख्य अतिथि समाजसेवी उद्योगपति राजेश जैन, वशिष्ट अतिथि समाज सेवी विपिन कुमार जैन, डॉ. चन्द्र गर्ग, दिल्ली से समाज सेवी सोमेश कुमार सिंघल आदि रहे।

### आश्रम टिटौली में चरित्र निर्माण शिविर का हुआ भव्य समापन

# स्वामी इंद्रवेश की पुण्यतिथि पर युवा संकल्प एवं सम्मान समारोह आयोजित

- कार्यक्रम की अध्यक्षता सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा प्रधान स्वामी आर्यवेश ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ आश्रम, टिटौली में स्वामी इंद्रवेश की 19वीं पुण्यतिथि के अवसर पर युवा संकल्प एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा प्रधान स्वामी आर्यवेश ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे समाजसेवी विशाल मलिक ने स्वामी इंद्रवेश को वैदिक विचारों के प्रखर प्रचारक और युवाओं के प्रेरणास्त्रोत के रूप में स्मरण किया। उन्होंने कहा, जब युवा अपनी जड़ों से जुड़ते हैं, तभी वे महानता की ओर अग्रसर होते हैं। विशिष्ट अतिथि एडवोकेट बिरजानंद ने भावपूर्ण शब्दों में कहा कि स्वामी ने समाज निर्माण के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया था। बेटी बचाओ अभियान की राष्ट्रीय अध्यक्षा बहन पूनम आर्या ने यह उल्लेख किया कि आर्य समाज का यह अभियान स्वामी इंद्रवेश की प्रेरणा से ही प्रारंभ हुआ था, जो आज जन आंदोलन का रूप ले चुका है। पूर्व विधायक अजीत सिंह ने कहा कि स्वामी इंद्रवेश कन्या भ्रूण हत्या, नशा उन्मूलन एवं किसानों के अधिकारों के प्रखर प्रवक्ता थे। स्वामी आर्यवेश ने अपने संबोधन में स्वामी को आर्य राष्ट्र निर्माण के प्रथम स्वप्न दृष्टा की संज्ञा दी और कहा, आज हम उनके अधूरे स्वप्नों को पूर्ण करने का संकल्प लेते हैं। राजस्थान से पधारे वैदिक विद्वान आचार्य वेदप्रिय शास्त्री ने कहा कि महिला अधिकारों की वकालत सबसे पहले ऋषि दयानन्द ने की थी और स्वामी इंद्रवेश उसी ऋषि परंपरा के वाहक थे। कार्यक्रम का संचालन सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी आदित्यवेश ने प्रभावशाली शैली में किया। शिविर संयोजिका बहन प्रवेश आर्या ने सभी अतिथियों का हार्दिक आभार प्रकट किया।




रोहतक। कन्या चरित्र निर्माण शिविर को सम्बोधित करते सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा प्रधान स्वामी आर्यवेश। फोटो : हरिभूमि

#### समारोह में इन विभूतियों को किया गया सम्मानित

आर्य नेता स्वामी इंद्रवेश की 19वीं पुण्यतिथि के अवसर पर युवा संकल्प एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे उत्तरप्रदेश से स्वामी सुमित्रानंद को आर्य विरक्त सम्मान, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय मे दयानन्द चेयर के अध्यक्ष डॉ. विक्रम विवेकी तथा राजस्थान के आचार्य वेदप्रिय को आर्य विद्वत सम्मान, बिजनौर के नरेश दत्त को आर्य भजनोपदेशक सम्मान, पूर्व विधायक अजित सिंह, रामनिवास आर्य, अशोक आर्य, धर्मबीर सरपंच को युवा संगठन कर्ता सम्मान एवं कुमारी अंजलि आर्या, कुमारी पूजा आर्या, अंजू आर्या तथा अंतिम आर्या को आर्य वीरांगना सम्मान से सम्मानित किया गया। इनके अतिरिक्त महावीर कुंडू, बलराम रेढू, सत्यवीर आर्य आदि का सम्मान किया गया।



रोहतक। कन्या चरित्र निर्माण शिविर में योगासन करती छात्राएं।

#### कन्या चरित्र निर्माण शिविर का समापन

सार्वदेशिक आर्या युवती परिषद एवं बेटी बचाओ अभियान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कन्या चरित्र निर्माण शिविर का समापन अत्यंत प्रभावशाली रहा। समापन सत्र में मुख्य प्रशिक्षिकाएं अंजू आर्या एवं एकता आर्या के नेतृत्व में कन्याओं द्वारा कमांडो तकनीक, लाठी संचालन, योगासन तथा जुडो कराटे का प्रदर्शन किया गया। शिविर में 500 कन्याओं ने यज्ञ के माध्यम से राष्ट्र एवं संस्कृति की सेवा का संकल्प लिया। साथ ही बेटी बचाओ अभियान की 50 सक्रिय कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।



## किसानों से आधुनिक तकनीक अपनाने का किया आह्वान

- कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के वैज्ञानिकों तथा अधिकारियों ने चिड़ी, निंदाना, खेड़ी सांपला, इस्माइला, घरौंठी ,लाखनमाजरा, चांदी, टिटौली और कन्हैली का दौरा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि विज्ञान केंद्र रोहतक और कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के वैज्ञानिकों तथा अधिकारियों ने वीरवार को चिड़ी, निंदाना, खेड़ी सांपला, इस्माइला, घरौंठी ,लाखनमाजरा, चांदी, टिटौली और कन्हैली का दौरा किया। शिविरों में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के विशेषज्ञों और कृषि विभाग के अधिकारियों ने भाग लेकर किसानों को खेती से जुड़ी नवीनतम जानकारी और तकनीकी मार्गदर्शन दिया। इन जागरूकता कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत तकनीकें, कीटनाशकों का सही प्रयोग, उर्वरकों के संतुलित उपयोग तथा सिंचाई की आधुनिक विधियों के बारे में अवगत कराना था। इसके अलावा किसानों को धान की नई किस्मों, बीज उपचार की आवश्यकता, और फसल अवशेष प्रबंधन के महत्व के बारे में बताया।

अभियान के दौरान कृषि, बागवानी, पशुपालन और मत्स्य पालन से संबंधित राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में भी बताया गया ताकि किसान इनका लाभ उठाकर अपनी आय बढ़ा सकें। यह जानकारी संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा दी गई। किसानों ने इस पहल को सराहा।

#### ये रहे शामिल

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कृषि विज्ञान केंद्र की डॉ. मीनाक्षी सांगवान, डॉ. सुकृति , डॉ. रुपेंदर, डॉ. जगत सिंह के साथ-साथ भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली से डॉ. मंजुनाथ प्रसाद, डॉ. परवीन मालव, डॉ. तुषार के. दत्ता , डॉ. एसवी अमिथा , डॉ. मोहिंदर सिंह , डॉ. अच्छेलाल यादव , डॉ. विष्णु कुमार तथा इफ्को के अधिकारी उपस्थित रहे। ध्यान रहे कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत ही गत 5 जून को कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने किसानों को जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया।

## नेकीराम शर्मा राजकीय कालेज में योग सत्र का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, में शुक्रवार को स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योगाभ्यास के माध्यम से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को अनुभव किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लोकेश बलहारा ने की।

उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं बल्कि तनाव प्रबंधन और समग्र स्वास्थ्य सुधार का प्रभावी माध्यम है। इसे यदि हम अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करें, तो जीवन अधिक संतुलित और सकारात्मक बन सकता है। योग सत्र के दौरान विद्यार्थियों को योगासन, प्राणायाम और ध्यान के विभिन्न तरीकों का अभ्यास कराया गया। सत्र का उद्देश्य न केवल शारीरिक मजबूती बढ़ाना था, बल्कि मानसिक एकाग्रता और शांति की अनुभूति कराना भी था। इस अवसर पर डॉ. अमित सहगल, डॉ. नवीन कुमार, डॉ. सुरेश दहिया, डॉ. रुचिका, डॉ. प्रदीप, और शिक्षण व गैर-शिक्षण स्टाफ के सदस्य रिंकू और सुमित भी उपस्थित रहे।



रोहतक। योग करते शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## एसडीएम मुकुंद ने अधिकारियों के साथ बैठक कर सरकारी योजनाओं को पूरा करने के निर्देश दिए

- लिंगानुपात सुधार के लिए आपस में तालममेल बैठाकर काम करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

खंड स्तरीय टास्क फोर्स बैठक का आयोजन उपमंडल महम के लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय में किया गया जिसकी अध्यक्षता एसडीएम महम मुकुंद ने की। एसडीएम ने कहा कि बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ अभियान का सकारात्मक असर दिखाई देना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में कन्या भ्रूण हत्या नहीं होने पाये इसके लिए अधिकारी पूरी तत्परता से काम करे। इस पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए सम्बन्धित विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल स्थापित कर एक विस्तृत कार्य योजना तैयार करे और इसी कार्य योजना के तहत काम करे। उन्होंने कहा कि गांवों के लिंगानुपात में सुधार की जरूरत है। गांवों पर अधिकारी विशेष फोकस रखे। गांवों में कन्याओं के प्रति लोगों की सोच को सकारात्मक बदलाव लाने के लिए जागरूकता शिविरों का आयोजन करवाये। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए अधिकारी अधिकाधिक प्रचार एवं प्रसार भी करे ताकि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के उद्देश्य को जन- जन तक पंहुचाया जा सके। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की जितने भी आंगनवाड़ी केन्द्रो में बिजली, पानी, बिल्डिंग, किचन, शौचालय, की मरम्मत को पूरा करवाने के अधूरे पड़े कार्य को अतिशीघ्र पूरा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गांवों में सभी केन्द्रों पर पानी की टंकी रखकर उस पर आरओ लगवाने के कार्य को प्राथमिकता के तौर पर लेकर पूरा करवाएं ताकि प्ले स्कूल में आने वाले बच्चों को पीने के लिए स्वच्छ पानी उपलब्ध हो सके। उन्होंने बिजली विभाग एवं जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यदि किसी सैंटर में अभी तक बिजली की आपूर्ति रह गई है तो उसमें तुरंत कनेक्शन करें। प्रत्येक सेंटर में स्वच्छ पानी की टंकी के पानी की सप्लाई सुनिश्चित करें। इस बैठक में बीईओ सरिता खनगवाल,नगर पालिका सचिव नवीन आदि अफसर रहे।



महम। विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते एसडीएम मुकुंद।



रोहतक। प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह व भाजपा के जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका । फोटो : हरिभूमि

## केंद्र सरकार की उपलब्धियों को प्रदर्शित करती सात दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ

- पीएम ने बिना किसी भेदभाव सभी क्षेत्रों में करवाया अभूतपूर्व विकास : पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर
- वर्तमान में देश में एक विचारधारा का चल रहा है शासन, विश्व में देश का गौरव बढ़ा
- देश में गत 75 वर्षों के मुकाबले 11 वर्षों में हुए उल्लेखनीय विकास कार्य : उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में स्थानीय जिला विकास भवन के सभागार में सात दिवसीय राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह व भाजपा के जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका ने किया तथा प्रदर्शनी में प्रदर्शित की गई जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों का अवलोकन भी किया। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सरकार की उपलब्धियों की जानकारी भी प्रेस प्रतिनिधियों को दी। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग के मार्गदर्शन में आयोजित सात दिवसीय राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के उद्घाटन के उपरांत पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा गत 11 वर्षों में धर्म, जाति व क्षेत्रवाद के भेदभाव के बिना देश के सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास किया है।

केंद्र सरकार द्वारा हर वर्ग के कल्याण के लिए कल्याणकारी योजनाएं व कार्यक्रम क्रियान्वित किए जा रहे है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने महिलाओं के सम्मान को सुनिश्चित करते हुए घर-घर शौचालय बनवाए है। वर्तमान में कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक विचारधारा का शासन चल रहा है। विश्व में देश का गौरव बढ़ा है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से सभी क्षेत्रों में सरकार द्वारा किए गए कार्यों को प्रदर्शित किया गया है।मनीष ग्रोवर ने कहा कि गत दिनों पहलगाम में पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा की गई निर्मम हत्या के बाद देश की जनता में अपार गुस्सा था।

## विश्वविद्यालय शिक्षक आत्मचिंतन करें: डॉ. कृष्णकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जंगल-जंगल ढूंढ रहा है मृग अपनी कस्तूरी को, कितना मुश्किल है तय करना खुद से खुद की दूरी को।आत्म-संधान की इसी भावना को आलोकित करते हुए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र द्वारा आयोजित द्विसाप्ताहिक अंतर विषयी रिफ्रेशर कोर्स के सातवें दिन शिक्षकों को संबोधित किया।

डॉ. कृष्णकांत ने कहा कि आज जबकि शिक्षा प्रणाली अंक एवं रैंक की होड़ में सीमित होती जा रही है। यह आवश्यक है कि शिक्षक आत्मचिंतन करें। या हम केवल यांत्रिक उत्कृष्टता प्रदान कर रहे हैं, या विद्यार्थियों में मानवीय संवेदना और नैतिक दृष्टिकोण भी विकसित कर रहे हैं। डॉ. कृष्णकांत ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल बौद्धिक विकास नहीं, बल्कि करुणा, उत्तरदायित्व और संवाद की संस्कृति को भी पोषित करना है, क्योंकि "संवाद से फैसले होते हैं, संवादहीनता से फासले।" उन्होंने कहा कि परिवर्तन की शुरुआत भीतर से होती है — "ख़यालातों के बदलने से भी नया दिन निकलता है, सिर्फ़ सूरज के चमकने से सवेरा नहीं होता।" उन्होंने न्याय की अपेक्षा समाधान-प्रधान सोच पर बल देते हुए कहा कि "न्याय एक पक्ष को संतुष्ट करता है, जबकि समाधान सभी को संतुलन देता है। सत्र की शुरुआत में केंद्र निदेशक प्रो. मुनीष गर्ग एवं उप-निदेशक डॉ. माधुरी हुड्डा ने अतिथि वक्ता का स्वागत पौधा भेंट कर किया। प्रो. गर्ग ने वक्ता का परिचय देते हुए विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला और कहा कि ऐसे चिंतनशील विषय न केवल शैक्षिक परिदृश्य को समृद्ध करते हैं, बल्कि शिक्षकों में सामाजिक चेतना और उत्तरदायित्व की भावना भी जाग्रत करते हैं।




रोहतक। कार्यक्रम को सम्बोधित करते कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ,केंद्र निदेशक प्रो. मुनीष गर्ग व उप–निदेशक डॉ. माधुरी हुड्डा। फोटो : हरिभूमि



### छात्राओं ने किया योग अभ्यास

**सांपला।** सर छोटूराम राजकीय महिला महाविद्यालय में 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर गुरुवार को छात्राओं द्वारा योग अभ्यास एवं पौधारोपण के कार्यक्रम किया गया। प्राचार्य डॉ संतोष हुड्डा ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में योग के प्रति जागरूकता फैलाना, मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना, स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना और पर्यावरण को संरक्षित करना है। इस अवसर पर छात्राओं को विभिन्न योगासन जैसे ताड़ासन ,भुज आसान ,अनुलोम विलोम, प्राणायाम आदि का अभ्यास करवाया गया। इस कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के परिसर में पौधरोपण भी किया गया। जिसमें लगभग 200 छात्राओं ने भाग लिया और उत्साह पूर्वक योग क्रियाओं का अभ्यास किया। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी डॉ. प्रीति, मिस मोनिका, योगा क्लब प्रभारी डॉ. मांगेराम और अन्य प्राध्यापक सदस्य उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सप्ताह में दो दिन आयोजित किए जा रहे है समाधान शिविर

# सभी शिकायतों का तुरंत निपटारा करें अधिकारी : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि अधिकारी समाधान शिविर की शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार एक छत के नीचे नागरिकों की हर शिकायत के तुरंत निदान के लिए प्रत्येक सप्ताह के सोमवार व वीरवार को समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

नरेंद्र कुमार स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में नगर निगम के संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह, नगराधीश अंकित कुमार तथा जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल व अन्य संबंधित विभागों के उच्चाधिकारियों के साथ समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुन रहे थे। उन्होंने शिकायतों की सुनवाई के दौरान मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि वे मौके पर शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया शुरू करें तथा यथासंभव समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जिला मुख्यालय व उपमंडल मुख्यालयों पर सप्ताह में दो दिन समाधान शिविर आयोजित कर नागरिकों की शिकायतों का निपटारा किया जा रहा है।अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने समाधान शिविर में जनस्वास्थ्य विभाग, आबकारी, पुलिस, परिवार पहचान पत्र, पेंशन, कॉमन सर्विस सेंटर व अन्य विभागों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई के दौरान ही अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त हो रही शिकायतों का यथासंभव शीघ्र निपटारा किया जाए। नगराधीश अंकित कुमार ने समाधान शिविर, जनसंवाद, सीएम विंडो एवं एसएमजीटी पोर्टल की लंबित शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने समीक्षा के दौरान शिक्षा विभाग, खाद्य एवं पूर्ति, खेल विभाग, आबकारी, हाउसिंग बोर्ड, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, एचएसआईआईडीसी, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, सिंचाई, एलडीएम, पीजीआई, लोक निर्माण, जनस्वास्थ्य, राजस्व, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, पुलिस आदि से संबंधित लंबित शिकायतों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की कार्यकारी अभियंता सीमा नारा, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी रोहताश, परिवहन विभाग के यातायात प्रबंधक नवीन कुमार आदि अफसर मौजूद रहे।






रोहतक। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार । फोटो : हरिभूमि

# मोदी सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा: भाटिया

■ पीएम मोदी ने पारदर्शी और जवाबदेह सरकार की स्थापना की है, जिस पर लोगों का है पूरा भरोसा : भाटिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा है कि मोदी सरकार के 11 वर्षों में भारत ने जो हासिल किया उसे स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश ने अभूतपूर्व विकास देखा और दुनिया मजबूत भारत की बढ़ती ताकत देख रही है। पीएम ने 11 वर्षों में पारदर्शी और जवाबदेह सरकार की स्थापना की है, जिस पर लोगों को पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की नायब सरकार भी पीएम मोदी के दिशा निर्देशों पर विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है।

नॉन स्टॉप हरियाणा सरकार में तेजी से विकास के साथ-साथ जन कल्याण के कार्य हो रहे हैं। वे वीरवार को रोहतक कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल संकल्प से सिद्धि विषय पर लगी प्रदर्शनी का उद्घाटन के अवलोकन किया। उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, वरिष्ठ नेता प्रदीप जैन, प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर खरक, संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के प्रदेश सह संयोजक नागेंद्र शर्मा जिला प्रभारी सतेंद्र परमार मौजूद रहे।

**पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस लेकर:** मोदी सरकार देश की राजनीति में पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस लेकर आई है। प्रधानमंत्री ने सरकार को जवाबदेही बनाया है। हमारी सरकार की योजनाओं के केंद्र में गरीब वर्ग के साथ जन-जन का कल्याण हो रहा है। उज्जवला योजना से लाखों घरों को धूआं से मुक्ति मिली है। मुद्रा योजना से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का मौका मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना में महिलाओं को संपत्ति में हिस्सेदारी मिली है। गौरव भाटिया ने मोदी सरकार की कार्यप्रणाली के बारे बताते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत को विकसित बनाने का अमृतकाल की शुरुआत की गई है। मोदी सरकार देश की राजनीति में पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस लेकर आई है। मोदी जी के नेतृत्व में अब सरकार का मतलब रिस्पॉन्सिव गवर्नमेंट, रिस्पॉंसिबल गवर्नमेंट, अकाउंटेबल गवर्नमेंट, रिफॉर्म, परफोर्म और ट्रांसफार्म गवर्नमेंट, पब्लिक पार्टिसिपेशन वाली सरकार है।




रोहतक। फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया और पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, भाजपा जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका व प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर खरक। फोटो : हरिभूमि

## 2014 से पहले होते थे घोटाले

उन्होंने कहा कि 2014 से पहले के भारत में भ्रष्टाचार, घोटालों और तुष्टिकरण की ही बात सामने आती थी, लेकिन अब विकास, अविष्कार और नवाचार की बातें हो रही हैं। पहले सरकारी योजनाओं के पैसे लोगों तक नहीं पहुंचते थे, बिचौलिये खा जाते थे लेकिन डायरेक्ट बेनीफिट के माध्यम से सीधे जनता के अकाउंट में पैसे पहुंच रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पहले हम इम्पोर्ट पर आश्रित थे, आज मेक इन इंडिया की ताकत से एक्सपोर्ट में लीड कर रहे हैं। पहले हम दुनिया की अस्थिर अर्थव्यवस्था में आते थे, आज दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं। 11 साल विकास, विश्वास और बदलाव के रहे हैं, आज देश का हर नागरिक बदलते भारत को देख रहा है और अनुभव कर रहा है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश सशक्त निर्णय लेने में सक्षम हो रहा है और न्यू नार्मल तय किये जा रहे हैं- अब आतंकवाद जैसे हमले पर युद्ध जैसे कार्यवाही की जाएगी।

प्रदेश कार्यालय में पहुंचने पर स्वागत करने वालों में प्रदेश कार्यालय सचिव गुलशन भाटिया, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर खरक जिला प्रभारी सतेंद्र परमार, ओमप्रकाश बागड़ी, दीपक हुड्डा, जिला महामंत्री सुखवीर चंदेलिया, जिला उपाध्यक्ष उदयभान मलिक, जिला कोषाध्यक्ष अमित बंसल, अनीता बुधवार, मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, कपिल खत्री, अमित मग्गू और मनोज शामिल रहे।

## शहर में आज

- समाधान शिविर में सुनी जाएंगी समस्याएं।
- नगर निगम में प्रोपर्टी आईडी ठीक करने के लिए काउंटर खुले।
- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।

## खबर संक्षेप

### आईएचटीएम में दाखिले के लिए 26 तक करें आवेदन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि के इंस्टिट्यूट ऑफ़ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट (आईएचटीएम) के मास्टर्स ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी और मास्टर ऑफ टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट में एडमिशन के लिए छात्र 26 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आईएचटीएम निदेशक प्रो. आशीष दहिया ने बताया कि ये पाठ्यक्रम किसी भी स्ट्रीम के स्नातकों के लिए खुले हैं। इस वर्ष, विवि ने आतिथ्य क्षेत्र के छात्रों के लिए सर्टिफिकेट कोर्स भी शुरू किया है, जो उनके कौशल को और निखारेगा।

### प्रदेश में रोहतक की रात सबसे ज्यादा गर्म

**रोहतक।** कई दिन से रोहतक में दिन का तापमान सिरसा के बाद दूसरे नंबर पर था। लेकिन बुधवार-वीरवार की रात इतनी तपी की रोहतक पहले स्थान पर आ गया है। न्यूनतम तापमान 31.4 डिग्री सेल्सियस से नीचे ही नहीं उतरा। बीते 24 घंटे में पारा में 2.8 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई। न्यूनतम पारा अब सामान्य से 2.8 डिग्री सेल्सियस अधिक है। अधिकतम तापमान में भी बढ़ोतरी का सिलसिला बदस्तूर जारी है। वीरवार को तापमान 46.6 डिग्री दर्ज किया गया। इसमें 0.4 की वृद्धि हुई।

### पुराना बस स्टैंड से स्कूटी चोरी, मामला दर्ज

**रोहतक।** पुराना बस स्टैंड से एक युवक की स्कूटी चोरी हो गई। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में गौरव ने बताया कि वह मानसरोवर कॉलोनी का रहने वाला है। मैंने पुराना बस स्टैंड पर खाद बीज की दुकान कर रखी है, मैं अपने घर से स्कूटी को लेकर दुकान पर आया हुआ था। मेरी स्कूटी कोई अज्ञात चोरी करके ले गया। इसके बाद मैंने अपने आस-पास पूछा तो स्कूटी का पता नहीं चला। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## डॉ. राठी को मिला डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्ण राष्ट्रीय शैक्षणिक अवार्ड

**रोहतक।** अखिल भारतीय जाट सूरमा स्मारक महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शबनम राठी को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर योगदान पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राष्ट्रीय शैक्षणिक अवार्ड से सम्मानित किया गया। जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना, शिक्षक व गैर शिक्षक स्टाफ सदस्यों ने उन्हें बधाई दी। प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार का उद्देश्य देश में शिक्षकों के अद्वितीय योगदान को सेलिब्रेट करना और उन शिक्षकों को सम्मानित करना है, जिन्होंने अपनी प्रतिबद्धता और समर्पण के जरिए न केवल शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर किया है, बल्कि अपने विद्यार्थियों के जीवन को भी समृद्ध बनाया है।



### ऑनलाइन दिया अवॉर्ड

जाट कॉलेज के अंग्रेजी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. शमशेर तोबड़िया ने बताया कि प्राचार्या डॉ. शबनम राठी को यह अवार्ड वैलरेड फाउंडेशन कोलकता द्वारा ऑनलाइन माध्यम से दिया गया है। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन द्वारा यह शैक्षणिक अवार्ड वार्षिक सम्मान है जिसका उद्देश्य उन लोगों के समर्पित प्रयासों की पहचान करना है जो हमारे देश में शिक्षा की बेहतरी के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

# चौपाल के स्थान पर बनेंगी पीएचसी व डिस्पेंसरी, जल्द शुरू होगा निर्माण

## जिला बार एसो. की हाउस मीटिंग में फैसला, अलॉट लॉकर्स की सुविधा होगी समाप्त


जिला एवं सत्र न्यायाधीश के जरिए सीएमओ को लिखे पत्र को मिल चुकी है मंजूरी

■ प्रधान दीपक हुड्डा ने तीन महीने में करवाए गए विकास कार्यों पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला बार एसोसिएशन में के रणबीर सिंह मेमोरियल हाल में प्रधान दीपक हुड्डा की अध्यक्षता में जनरल हाउस की मीटिंग संपन्न हुई। जिसमें फैसला लिया गया कि परिसर में स्थित चौपाल के स्थान पर पीएससी एवं डिस्पेंसरी बनाई जाएगी। जिसके लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश के जरिए सीएमओ को एक पत्र लिखा गया था, अब इसे मंजूर कर लिया गया है। जल्द ही डिस्पेंसरी का काम शुरू हो जाएगा।

पिछले तीन महीने के कार्यकाल में करवाए गए विकास कार्यों पर प्रधान दीपक हुड्डा ने प्रकाश डालते हुए बताया कि पुराने सभी चेंबर्स की गैलरी पर फाइबर की सेट लगाई गई है। पूरे बार परिसर में फ्री वाई-फाई की सुविधा प्रदान की गई है। जिला बार एसोसिएशन की नई वेबसाइट एवं सॉफ्टवेयर लॉन्च किया गया है जो दुरुस्त तरीके से 1 जुलाई से काम करेगा, जिसमें अधिवक्ताओं की सहूलियत के लिए सभी काम ऑनलाइन होंगे। महिला अधिवक्ताओं को बार-बार नोटिस देने के बावजूद अभी तक कुछ महिला अधिवक्ताओं द्वारा लॉकर्स की चाबी जमा ना करवाने पर लॉकर्स की सुविधा को समाप्त करने का फैसला लिया गया।

रोहतक। मीटिंग को सम्बोधित करते हुए प्रधान दीपक हुड्डा और जिला बार एसोसिएशन की मीटिंग में मौजूद वरिष्ठ अधिवक्ता। फोटो : हरिभूमि

सभी शौचालयों में एग्जॉस्ट, सीलिंग फैन, दर्पण आदि लगाकर सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। आगे प्रधान दीपक हुड्डा ने बताया कि भविष्य में बार परिसर में 23 लाख की लागत से चार नए शौचालय बनवाए जाएंगे। नगर निगम के जरिए टेंडर प्रक्रिया जारी है। बार परिसर में ग्रेनाइट एवं थ्री फेस बिजली का काम करवाने के लिए लगभग 40 लाख के कार्यों की प्रक्रिया जारी है। पूरे बार परिसर में जल्द ही पेंट का कार्य करवाया जाएगा।

### यह रहे मौजूद

जिला बार एसोसिएशन रोहतक की बैठक में उप प्रधान अजय ओहल्यान, जनरल सेक्रेटरी राजकरण पंघाल, वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश पूनिया, रमेश अरोड़ा, सतवीर बडगूजर, दीपक हुड्डा, संदीप हुड्डा, सुरेंद्र लोरा, पुनीत पूनिया, अनिल शर्मा, जय भगवान गुलिया , विपिन, रेनू शास्त्री, अंकित जून आदि अन्य अधिवक्ता भी मौजूद रहे।

## पाइप लाइन टूटी, गंदे नाले में बह रहा पानी

**महम।** कस्बा महम के पुराने देव पेट्रोल पंप के सामने सड़क के साथ जनस्वास्थ्य विभाग की पाइप लाइन टूटी हुई है। जब भी पेयजल आपूर्ति की जाती है तो यहां काफी देर तक पानी बहता रहता है। एक तो पाइप लाइन टूटने से पानी की बर्बादी हो रही है और दूसरा यहां से पाइप लाइन के जरिये घरों में पानी के साथ गंदगी पहुंच रही है। गर्मी के मौसम में एक तो पानी कम आता है और जब आता है तो गंदा आता है। स्थानीय दुकानदार हरेंद्र मोखरा ने बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अपनी लाइन को समय समय पर जांच नहीं करते। भले ही लोगों के मकान गिर जाएं और सड़कें टूट जाएं। स्थानीय दुकानदारों ने जिला उपायुक्त से पाइप लाइन को ठीक करने की मांग की है।

## किसान यूनियन हरिद्वार में लगाएगी चिंतन शिविर

**सांपला।** भारतीय किसान यूनियन द्वारा जून के अंतिम तीन दिन किसान, मजदूर की समस्यायों को लेकर एक चिंतन शिविर लगाया जाएगा। गुरुवार को एक विज्ञप्ति में प्रदेश अध्यक्ष वेदपाल हुड्डा ने बताया कि 28,29,30 जून को लगने वाले इस शिविर में सभी राज्यों के यूनियन पदाधिकारी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि शिविर में किसान मजदूर की समस्याओं संबंधित विचार विमर्श किया जाएगा। सरकार द्वारा किसानों व मजदूर के अधिकारों को नहीं दबने दिया जाएगा। सरकार किसान मजदूर के उत्थान में जो अच्छा कार्य करेगी। यूनियन द्वारा उसमें सरकार का सहयोग भी दिया जाएगा। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश प्रधान ने सभी प्रदेश अध्यक्षों को अलग-अलग जिम्मेवारियां लगाई है।

## गुरुद्वारा बंगला साहिब में कीर्तन दरबार कल

**रोहतक।** गुरुद्वारा बंगला साहिब में महान कीर्तन दरबार का आयोजन 14 जून को किया जाएगा। यह समागम शाम साढ़े सात बजे से शाम साढ़े दस बजे तक चलेगा। इसके विख्यात कथा वाचक भाई कथा वाचक गुरुशरण सिंह लुधियाना शिरकत करेंगे। हजूरी रागी गुरुदेव सिंह, गुरमेल सिंह कोयल व ज्ञानी अजीत सिंह शब्द गुरुवाणी से निहाल करेंगे। इसका आयोजन शब्द चौकी जत्था गुरुदारा बंगला साहिब द्वारा किया जा रहा है। यह जानकारी गुरुघर के दास हरीश बतरा ने दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |


+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# क्यूआर कोड स्कैन करते समय बरतें विशेष सतर्कता, प्रलोभन या बहकावे में न आएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने साइबर क्राइम के बढ़ते खतरे के मद्देजनर एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे अज्ञात व्यक्तियों से प्राप्त क्विक रिस्पोंस (क्यूआर) कोड की स्कैनिंग करते समय विशेष सतर्कता बरतते हुए इससे बचें क्योंकि यह कोड उनके बैंक खातों की जानकारी लेकर ठगी कर सकते हैं।

ऐसे साइबर स्कैमर्स से सावधान रहने की सलाह देते हुए बताया कि साइबर अपराधी अब ईमेल, व्हाट्सएप जैसे माध्यम से क्यूआर कोड भेजकर लोगों के बैंक खातों को हैक कर ठगी करने की कोशिश कर रहे हैं। आज के युग में स्मार्ट फोन के बढ़ते उपयोग और मोबाइल ऐप व इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान के नए तरीकों से साइबर धोखाधड़ी बढ़ी है। ऐसे जालसाजों से बचने के लिए ऑनलाइन भुगतान के हर विवरण पर पूरा ध्यान देना चाहिए। किसी तरह के प्रलोभन या बहकावे में न आए। साइबर अपराधी सबसे पहले ये स्कैमर्स सेकंड हैंड सामान के लिए खरीददार या विक्रेता बनकर लोगों को भुगतान में आसानी के लिए एक क्यूआर कोड भेजकर स्कैन करने के लिए कहते हैं। जैसे ही रिसीवर्स कोड स्कैन करते हैं, उनके खाते से पैसे कट जाते हैं। इसके अतिरिक्त, दुकानदारों को भी थोक ऑर्डर की पेशकश के साथ लालच दिया जाता है और बाद में भुगतान प्राप्त करने के लिए क्यूआर कोड भेजकर धोखा दिया जाता है। बाद में आरोपी सामान भी वितरित नहीं करते। यूपीआई या अन्य वॉलेट्स द्वारा ऑनलाइन भुगतान करने के लिए एहतियाती उपाय अपनाए।



# हजारों छात्र रह गए सीईटी में रजिस्ट्रेशन से वंचित, आवेदन की तारीख बढ़ाने की मांग

■ साइट न चलने की वजह से नहीं बनवा सके नवीनतम जाति प्रमाण पत्र

■ जाति प्रमाण पत्र दो साल से ज्यादा पुराना न हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की अव्यवस्था की वजह से हजारों छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आयोग द्वारा आयोजित कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) के लिए आवेदन प्रक्रिया 28 मई से शुरू की गई थी लेकिन आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के सामने जाति प्रमाण पत्र बनवाना बड़ी चुनौती बना रहा। बीच में कई दिन तक साइट नहीं चलने की वजह से ज्यादातर उम्मीदवारों के जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पाए और वह सीईटी के लिए रजिस्ट्रेशन करने से वंचित रह गए। क्योंकि आयोग द्वारा पहले ही चेतावनी दी गई थी कि दो साल से अधिक पुराने जाति प्रमाण पत्र के साथ अप्लाई करने पर उम्मीदवार को परीक्षा में नहीं बैठने दिया जाएगा। वीरवार को सीईटी के लिए साइट तो चलाई गई लेकिन अपडेट जाति प्रमाण पत्र न होने की वजह से छात्र रजिस्ट्रेशन नहीं करवा सके। जिससे उन्हें मायूसी हाथ ली। छात्रों ने सीएम नायब सिंह सैनी से मांग की है कि इन छात्रों को दोबारा मौका मिलना चाहिए। आयोग ने स्पष्ट किया था कि नवीनतम जाति प्रमाण पत्र आवेदन के लिए अनिवार्य है, लेकिन सरल पोर्टल की वेबसाइट बार-बार क्रैश होने से ऑनलाइन आवेदन नहीं हो पा रहा था। युवा बार-बार जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए अटल सेवा केंद्रों के चक्कर लगा रहे। सीईटी के लिए अप्लाई करने का अंतिम दिन 12 जून तय किया गया था। युवाओं ने सीईटी आवेदन तिथि बढ़ाने की मांग की है।

**योग शिविर** योग करने से शरीर रहता है फुर्तीला: सरदार हवा सिंह

# योग शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए अनिवार्य: मेयर

सुखपुरा स्थित कम्युनिटी सेंटर में निःशुल्क योग शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। इसी संदेश को लेकर अखिल भारतीय वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति द्वारा सुखपुरा स्थित कम्यूनिटी सेंटर में योग शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे मेयर रामअवतार वाल्मीकि का स्वागत फूल मालाओं से किया गया। मेयर ने कहा कि जिस प्रकार भोजन शरीर को जीवित रखने के लिए आवश्यक है, उसी प्रकार योग शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए अनिवार्य है। उन्होंने उपस्थित साधकों को प्रतिदिन योग करने की प्रेरणा दी। शिविर की शुरुआत योगाचार्य सरदार हवा सिंह सैनी के निर्देशन में हुई और उन्होंने बताया कि शिविर 14 जून तक चलेगा। उन्होंने कहा कि योग करने से शरीर फुर्तीला रहता है और नकारात्मक विचार नष्ट हो जाते हैं। नियमित अभ्यास से शुगर, ब्लड प्रेशर, बवासीर, हृदय रोग, कमर दर्द और सर्वाइकल जैसी कई बीमारियाँ दूर होती हैं। उन्होंने बताया कि आज के युग में योग को वैश्विक स्तर पर सराहा जा रहा है।



रोहतक। सुखपुरा स्थित कम्युनिटी सेंटर में निशुल्क शिविर में योग करते मुख्य अतिथि मेयर रामअवतार वाल्मीकि व कॉलोनी वासी।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में योग शिक्षक ईश्वर अग्रवाल, देवी सिंह आर्य, समिति के प्रधान रामनारायण सैनी, महासचिव रामेश्वर सैनी, दयानंद शर्मा, रमेश जुनेजा, के एल बजाज, सुदेश गांधी, विजय कोचर, उषा कोचर, अशोक सैनी, बुधराम सैनी, प्रवीण कुमार और राजेन्द्र सैनी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में इस शिविर की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की मांग की।



## महर्षि दयानंद विवि में छात्रों ने हिसार यूनिवर्सिटी वीसी का पुतला जलाया, लाठीचार्ज की निंदा

**रोहतक।** स्टूडेंट्स फैडरेशन ऑफ इंडिया की जिला कमेटी ने वीरवार को चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार के वीसी का महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में पुतला जलाया। कार्यक्रम की संयुक्त अध्यक्षता करते हुए जिला सचिव अमित पूनिया और राज्य अध्यक्ष विनोद गिल ने कहा कि बीते 10 जून को रात के समय हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी प्रशासन के द्वारा शांति प्रिय तरीके से अपनी पुरानी स्कॉलरशिप स्कीम के लिए धरना-प्रदर्शन दे रहे विद्यार्थियों के ऊपर लाठीचार्ज करना संविधान और लोकतंत्र के ऊपर हमले करने के बराबर है। जब से भाजपा सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति-2020 लाई गयी हैं तबसे शिक्षा के क्षेत्र पर हमले तेज हुए हैं। छात्र नेताओं ने कहा कि शिक्षा का निजीकरण बढ़ाया रहा है। लगातार एसएफएस कोर्स में वृद्धि,फीस बढ़ाने के साथ-साथ केंद्र और राज्य स्तर पर स्कॉलरशिप में कटौती की जा रही हैं। जिसका सीधा प्रभाव गरीब मेहनतकश मजदूर-किसानों के परिवारों से आने वाले बच्चों और अभिभावकों पर है।